एमसी, नगर परिषदों व नगर पंचायतों के परिसीमन के आदेश जारी : डीसी

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। धर्मशाला

डीसी कांगड़ा राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम धर्मशाला, नगर परिषद देहरा, ज्वालामुखी, पालमपुर, नूरपुर, नगरोटा बगवां, कांगड़ा, नगर पंचायत ज्वाली, बैजनाथ-पपरोला के वार्डों के आरक्षण और परिसीमन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश नगर निगम चुनाव नियम, 2015 के नियम 6 (1) के तहत इस संबंध में एक नोटिस 6 जुलाई, 2020 को जारी किया गया था, ताकि नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के बारे में आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जा सकें। इस संबंध में आपत्तियों व सुझावों को प्रस्तुत करने के लिए दस दिन का समय दिया गया था। इस समयावधि में कोई भी आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं। इसलिए हिमाचल प्रदेश नगरपालिका चुनाव नियम, 2015 के नियम 9 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार वार्डों के अंतिम परिसीमन का आदेश जारी कर दिए हैं।

एमसी धर्मशाला में इस तरह होगी सूची

डीसी ने बताया कि परिसीमन आदेश के उपरांत धर्मशाला में वार्डों की सूची इस प्रकार रहेगी। वार्ड नंबर-1 फरस्टेटगंज, वार्ड नंबर-2 भागसूनाग, वार्ड नंबर-3 मैक्लोडगंज, वार्ड नंबर-4 कश्मीर हाउस, वार्ड नंबर-5 महात्मा गांधी मोहल्ला, वार्ड नंबर-6 कोतवाली बाजार, वार्ड नंबर-7 सचिवालय, वार्ड नंबर-8 स्टेट फॉरेस्ट, वार्ड नंबर-9 सकोह, वार्ड नंबर-10 श्यामनगर, वार्ड नंबर-11 रामनगर, वार्ड नंबर-12 बडोल, वार्ड नंबर-13 दाड़ी, वार्ड नंबर-14 कंडा, वार्ड नंबर-15 खनियारा, वार्ड नंबर-16 सिद्धपुर और वार्ड नंबर-17 सिद्धबाड़ी।

नप देहरा की परिसीमन उपरांत सूची

नगर परिषद देहरा में परिसीमन के उपरांत वार्डों की सूची इस प्रकार से रहेगी। वार्ड नंबर-1 राजगढ़, वार्ड नंबर-2 अरमपुरी, वार्ड नंबर-3 हनुमान मंदिर, वार्ड नंबर-4 गायत्री मंदिर, वार्ड नंबर-5 डंडेया दा पीपल, वार्ड नंबर-6 शिव मंदिर तथा वार्ड नंबर-7 कंजूपीर।

नप ज्वालामुखी में इस तरह रहेंगे वार्ड

ज्वालामुखी नगर परिषद में वार्ड नंबर-1 देवी तालाब, वार्ड नंबर-2 अर्जुन नागा, वार्ड नंबर-3 मालीवाड़ा मोहल्ला, वार्ड नंबर-4 गीता भवन, वार्ड नंबर-5 गणेश कालोनी, वार्ड नंबर-6 अष्टभुजा तथा वार्ड नंबर-7 इंदिरा कॉलोनी।

नप नूरपुर में इस प्रकार रहेंगे वार्ड

नूरपुर नगर परिषद में वार्ड इस प्रकार से रहेंगे। वार्ड नंबर-1 पौनाल, वार्ड नंबर-2 अप्पर पौनाल, वार्ड नंबर-3 झलोली, वार्ड नंबर-4 रामपुरी, वार्ड नंबर-5 नोलु अथियां, वार्ड नंबर-6 ककालेला मंडी अतर सिंह, वार्ड नंबर-7 नियाजपुर जसालटा, वार्ड नंबर-8 बीटीसी तथा वार्ड नंबर-9 नियाजपुर पश्चिम।

नप पालमपुर में यह होगी स्थिति

नगर परिषद पालमपुर में वार्डों की स्थिति इस प्रकार रहेगी। वार्ड नंबर-1 जंगलात, वार्ड नंबर-2 विद्यार्थियां, वार्ड नंबर-3 आर्य समाज, वार्ड नंबर-4 अस्पताल क्षेत्र, वार्ड नंबर-5 गांधी पार्क, वार्ड नंबर-6 सरोवर लेन तथा वार्ड नंबर-7 ओद्यौगिक क्षेत्र।

नप कांगड़ा की इस तरह होगी स्थिति

डीसी ने बताया कि कांगड़ा नगर परिषद में वार्ड इस प्रकार से होंगे। वार्ड-1 महात्मा गांधी मैमोरियल लाइब्रेरी, वार्ड-2 लामेश्वर महादेव, वार्ड -3 उगाडी महोत्व, वार्ड-4 तुपा गंगा, वार्ड-5 मिशन, वार्ड-6 शक्ति गली, वार्ड-7 बड़ोश्वरी माता मंदिर, वार्ड-8 आर्य समाज तथा वार्ड -9 तहसील।

नप नगरोटा बगवां के वार्ड

नगरोटा बगवां नगर परिषद में वार्डों की सूची इस प्रकार रहेगी। वार्ड नंबर-1 राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, वार्ड नंबर-2 दीवान बाग, वार्ड नंबर-3 नारदा शारदा मंदिर, वार्ड नंबर-4 रेलवे स्टेशन, वार्ड नंबर-5 अस्पताल, वार्ड नंबर-6 सरोत्री तथा वार्ड नंबर-7 राधा-कृष्ण मंदिर।

नपं ज्वाली व बैजनाथ-पपरोला में इस तरह होगी वार्डों की सूची

नगर पंचायत जवाली में वार्ड नंबर-1 भनेई, वार्ड नंबर-2 मक्राहन, वार्ड नंबर-3 लब, वार्ड नंबर-4 केहरियां (1), वार्ड नंबर-5 केहरियां (2), वार्ड नंबर-6 ज्वाली (1), वार्ड नंबर-7 ज्वाली (2), वार्ड नंबर-8 ज्वाली (3) तथा वार्ड नंबर-9 धान। इसी प्रकार नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला में वार्ड इस प्रकार से होंगे। वार्ड नंबर-1 कस्बा बैजनाथ, वार्ड नंबर-2 बैजनाथ(1), वार्ड नंबर-3 बैजनाथ(2), वार्ड नंबर-4 गिरथोली, वार्ड नंबर-5 फतेहड़, वार्ड नंबर-6 उस्तेहड, वार्ड नंबर-7 कस्बा पपरोला (1), वार्ड नंबर-8 कस्बा पपरोला (2), वार्ड नंबर-9 कोटी, वार्ड नंबर-10 पपरोला और वार्ड नंबर-11 पपरोला खास होंगे।

अथेड़ गांव में बारिश से मकान क्षतिग्रस्त

भलेई। उपमंडल सलूणी के तहत आने वाली गौड़ा पंचायत के अथेड़ गांव में लकड़ी के स्लिपर टूट जाने के कारण अछरी देवी पत्नी पंद राम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्रवार सुबह जब परिवार के लोग घर के बाहर अपना काम- काज कर रहे थे तो आचानक आवाज आई। जब घर के अंदर जाकर देखा तो लकड़ी के स्लिपर टूट चुके थे व मलबा कमरे में जमा हो गया। अब पूरा परिवार एक ही कमरे में रहने को मजबूर हो गया है। पूरे मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। परिवार में कुल 4 सदस्य है। परिवार की मुख्य सदस्य अछरी देवी न सुन सकत है और न ही देख सकती है। अछरी देवी अपनी बहू बीना देवी व पोते मुकेश व कृष्ण कुमार के साथ रह रही है। मुकेश व कृष्ण के सिर से पिता केहर सिंह का साया उठ चुका है। पीड़ित परिवार ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाए, ताकि वह पक्के मकान में रह सकें।

चलाड़ गांव में ढही गौशाला, मवेशी सुरक्षित निकाले

चंबा। बाट पंचायत के चलाड़ गांव में शुक्रवार को एक गौशाला ढह गई। गौशाला में बंधे मवेशी दब गए। हालांकि प्रभावित परिवार के सदस्यों ने अपनी जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त गौशाला में फंसे मवेशियों को निकाला, लेकिन मवेशियों को काफी चोटें आई हैं। पंचायत प्रधान निको ने बताया कि शुक्रवार सुबह 4:00 बजे मदन निवासी चलाड़ की अचानक गौशाला ढह गई। गौशाला में बंधे मवेशियों को लोगों ने जिंदा बाहर निकाला है।

विधायक ने लिया सेवा कार्य में भाग

बैजनाथ। अन्नापूर्णा वेलफेयर सोसाइटी बैजनाथ पपरोला की ओर से कोविड-19 केयर सेंटर में दाखिल मरीजों को भोजन उपलब्ध करवाने के कार्य में शुक्रवार को विधायक मुल्कराज प्रेमी ने बचत भवन में चल रहे सेवा कार्य में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में समाज के प्रत्येक तबके को इस नेक कार्य में भाग लेना चाहिए। उन्होंने इस कार्य में संलग्न अन्नापूर्णा वेलफेयर सोसाइटी को 51 हजार की राशि भेंट की। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ छवि नांता, बीएमओ महाकाल दिलावर सिंह दियोल, संस्था के अध्यक्ष संजय सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भीखम कपूर, पवन कपूर, वीरेंद्र राणा, निर्मला धरवाल, अंजू कटोच, सुमन चौधरी, रोहित कपूर, राकेश नेगी, अरविंद कुमार, आशुतोष छाबड़ा, सुशील राणा, राजीव कपूर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जसवां-परागपुर कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

परागपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जसवां-परागपुर के अध्यक्ष सुरिंद्र मनकोटिया की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें पार्टी में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं व जिला अध्यक्ष अजय महाजन का धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं की आपसी एकजुटता से जिला कांगड़ा में कांग्रेस पार्टी अवश्य ही सुदृढ़ होगी। कांग्रेस की 15 की 15 सीटें जो हैं, कांग्रेस की झोली में जाएंगे, क्योंकि बीजेपी सरकार ने पिछले 3 साल में कुछ भी कांगड़ा के लिए नहीं किया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं विपलव ठाकुर जीएस बाली, सुधीर शर्मा और चंद्र कुमार का धन्यवाद किया है।

ब्रीफ न्यूज

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी का भरा जाए पद

पालमपुर। पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पंचायत बल्ला (रसेहड) से पिछले माह 31 जुलाई, 2020 को सेवानिवृत्त हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी की सेवानिवृत्ति के बाद से पद खाली पड़ा हुआ है। लेकिन अभी तक भरा नहीं गया है। उन्होंने कहा कि 2017 में विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक चार दिन पहले आनन-फानन में जिस महिला मंडल भवन में इस आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र को फट्टा लगाकर खोला गया उस महिला मंडल भवन का बतौर विधायक उन्होंने ही लोकार्पण किया था। आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र में न तो आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, न फार्मासिस्ट और न ही चपरासी के पद का सृजन किया गया था। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व आयुर्वेदिक मंत्री डॉ. राजीव सहजल से आग्रह किया खाली पदों पर स्टाफ नियुक्त किया जाए।

लोनिवि की जेसीपी क्षतिग्रस्त, ड्राइवर बचा

बनीखेत। चंबा-खज्जियार-जोत-चुवाड़ी मार्ग पर बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन होने से वाहनों के पहिये थम गए हैं। खज्जियार मार्ग पर बनाडू और मियाडी गला में भारी तादाद में मलबा व पत्थर मार्ग पर गिरे हैं। इस दौरान लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीन भी पत्थर गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ऑपरेटर बाल-बाल बचा। लोक निर्माण विभाग का अमला मशिनरी के जरिये मार्ग पर यातायात बहाली में जुटा हुआ है।

वार्ड पंच मौत मामले की हो निष्पक्ष जांच

जयसिंहपुर। आलमपुर में पुलिस चौकी के नजदीक वार्ड पंच करतार सिंह की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत पर जयसिंहपुर उपमंडल के कबीर समाज सुधार सभा की कोर टीम ने लंबागांव थाना में एसएचओ अश्वनी शर्मा से मिली और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कबीर पंथ समाज के लोगों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच हो रही है और मामले के हर पहलु को बड़ी बारीकी से खंगाला जा रहा है और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। दो पुलिस कांस्टेबल लाइन हाजिर हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा की मौत कैसे हुई। सभा के प्रधान शक्ति चंद ने कहा कि पुलिस इस मामले में जल्दी तहकीकात करे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सभा के जयसिंहपुर के मीडिया प्रभारी हरिदास ने कहा कि वे इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। इस अवसर पर कबीरपंथी समाज सुधार सभा के सचिव मोहिंदर सिंह सभा के उपप्रधान जगदीश राम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बूथ स्तर पर काम करने के दिए टिप्स

नगरोटा बगवां। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल नगरोटा बगवां की

बैठक मंडल अध्यक्ष किशोरी लाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें विशेष रूप से नगरोटा बगवां के विधायक अरुण कुमार कूका, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कांगड़ा के अध्यक्ष अश्वनी गिल और मंडल अध्यक्ष विनय कुमार उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं चला रखी है, जिसमें में कम ब्याज दरों पर लोन लेकर कार्य कर सके, बच्चों के लिए स्कॉलरशिप के कई प्रावधान हैं। किशोरी लाल ने संगठन को किस तरह मजबूत किया जाए व बूथ स्तर पर काम करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर कम से कम 10 अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संगठित करें, ताकि आने वाले 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के मूल संगठन को बल मिल सके। इस बैठक में वार्ड नॉ 2 के पार्षद रानू राम, जैसी राम संजय तेजा ओंकार, ओपी हीर, राजकुमार ,जीवना रानी, कुलदीप, रोशन लाल, ज्ञानचंद आदि उपस्थित रहे।

नगरोटा बगवां बस स्टैंड में लगी सेनेटाइजर मशीन

नगरोटा बगवां । नगरोटा बगवां में सेवा भारती नगरोटा बगवां इकाई की ओर से नगरोटा नए बस स्टैंड में ऑटोमेटिक हैंड सेनेटाइजर मशीन स्थापित की गई। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक राज कुमार ने किया। सेवा भारती के अध्यक्ष सतीश कौशल ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में सवारियां बस स्टैंड में आती हैं व निगम के कर्मचारी रात-दिन कार्य कर रहे हैं। यह सब लोग इस मशीन का प्रयोग कर आने हाथों को साफ-सुथरे रख सकते हैं।

एकल नृत्य-गायन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

मारंडा। विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल पालमपुर में स्वतंत्रता दिवस पर करवाई गई ऑनलाइन एकल नृत्य व एकल गायन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। एकल नृत्य प्रतियोगिता वर्ग-ए में माउंट कार्मेल ठाकुर की दूसरी कक्षा की छात्रा यशवी व विवेका फाउंडेशन की कक्षा तीसरी की छात्रा अनवी सरोच ने प्रथम, आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट के कक्षा दूसरी के छात्र विवान व नौदान की आराध्या शर्मा ने द्वितीय, विवेका फाउंडेशन के कक्षा दूसरी के छात्र आयान डोगरा व पहली कक्षा की छात्रा इशानी भाटिया ने तृतीय तथा धौलाधार पब्लिक स्कूल की छात्रा अगरिमा शर्मा ने कॉन्सोलेशन पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ग-बी में रविंद्र भारती ग्लोबल स्कूल चेन्नई की छात्रा अनन्या शर्मा व विवेका फाउंडेशन के कक्षा चार के छात्र समयक ने प्रथम, विवेका फाउंडेशन की कक्षा पाचवीं की छात्रा देवीना व माउंट कार्मेल के छात्र आर्य नाग ने द्वितीय, विवेका फाउंडेशन की छात्रा मिताली, ऐना राणा, मनत ने तृतीय और महाऋषि विद्या मंदिर नौदान कक्षा छठी की छात्रा अधिश्री पराशर ने कॉन्सोलेशन पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ग सी में माउंट कार्मेल ठाकुर की सातवीं कक्षा की छात्रा शिवांशी ने प्रथम, सेंट जोसफ अकादमी देहरादून की छात्रा श्रेया भड़ोली व विवेका फाउंडेशन की कक्षा छठी की छात्रा मनन्त ने द्वितीय और विवेका फाउंडेशन की कक्षा सातवीं की छात्रा वैष्णवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वर्ग डी में विवेका फाउंडेशन की कक्षा 11वीं की छात्रा अंकिता अग्रवाल ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्वालामुखी की कक्षा 11वीं की छात्रा निराली चौधरी ने द्वितीय तथा विवेका फाउंडेशन की दसवीं कक्षा की छात्रा निवेधिता कटोच ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल गायन प्रतियोगिता के वर्ग-ए में विवेका फाउंडेशन कक्षा दूसरी की छात्रा आराध्या कपूर ने प्रथम, कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल पालमपुर के कक्षा तीसरी के छात्र आद्विक शर्मा व विवेका फाउंडेशन के कक्षा तीसरी के छात्र अंश मेहता ने द्वितीय, माउंट कार्मेल की कक्षा दूसरी की छात्रा यशवी व विवेका फाउंडेशन की कक्षा तीसरी की छात्रा अनवी सरोच ने तृतीय स्थान हासिल किया। वर्ग बी में डीवाई पटेल के कक्षा चार छात्र अभिजय सिंह व विवेका फाउंडेशन के कक्षा छठी के छात्र अथर्व कटोच ने प्रथम, विवेका फाउंडेशन के कक्षा चार के छात्र नक्श अलेरा ने द्वितीय तथा प्रणव ने तृतीय स्थान हासिल किया।। विवेका फाउंडेशन विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मौसमी थापा व मैनेजमेंट कमेटी ने सभी विजेताओं को बधाई दी है।

गुन्नूघरटा पुखरोटू पेयजल योजना का जल्द होगा शिलान्यास: हंसराज

कहा, पेयजल योजना पर खर्च होंगे 20 करोड़ रुपये, 9 पंचायतों के लोगों को मिलेगा लाभ

हिमाचल दस्तक। चंबा

किसानों को वितरित की बीजों की किटें देवदार का पौधा भी लगाया

गुन्नूघराट पुखरोटू पेयजल योजना के निर्माण को मंजूरी मिल गई है और जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा। यह बात विधानसभा उपाध्यक्ष हंसराज ने चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत मसरूड में किसानों को बीज की किटें वितरित करने के बाद कही। उन्होंने बताया कि इस योजना पर 20 करोड़ की राशि खर्च होगी और इससे 9 पंचायतों के लोगों को पेयजल की पर्याप्त सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि चुराह विधानसभा क्षेत्र के निचले क्षेत्रों में जहां संपर्क सड़कों के नेटवर्क को विस्तार दिया जा रहा है वहीं पुरानी सड़कों के सुधार और अपग्रेडेशन को लेकर भी कार्य योजना पर काम चल रहा है।

पुखरी-मसरूंड-सिढ़-सरोल सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चौड़ा किया जा रहा है। 35 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर 23 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। सेंट्रल रोड फंड से कोटी से बड़ोह और बड़ोह से नकरोड़ तक की मुख्य सड़क की अपग्रेडेशन के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। इससे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष ने देवदार का पौधा भी रोपा और लोगों से पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के अलावा पौधों के संरक्षण का आग्रह किया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता बिजली बोर्ड पवन शर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि ईश्वर ठाकुर, सहायक अभियंता लोक निर्माण संजीव अत्री, युवा मोर्चा जिला महामंत्री एडवोकेट रविंद्र कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य टेकचंद टंडन, चुराह मंडल अध्यक्ष ताराचंद, मंडल उपाध्यक्ष शुभम ठाकुर व करमचंद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा महामंत्री एवं पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष रमेश कुमार, पुखरी पंचायत प्रधान गोपाल ठाकुर, जिला भाजयुमो जिला सह प्रवक्ता मानसिंह, वन परिक्षेत्र अधिकारी जगजीत सिंह व मसरूंड पंचायत उप प्रधान तिलक राज मौजूद रहे।

पात्रों तक पहुंचाएं योजनाएं: गर्ग

कहा, गांव के विकास से ही देश का विकास होगा

हिमाचल दस्तक। पालमपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजिंद्र गर्ग ने पालमपुर हलके के 47 पंचायतों के विभिन्न कल्याकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वर्चुअल रैली के माध्यम से संबोधित किया।

गर्ग ने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है और गांव के विकास के बिना देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी की चिंता कर देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के लिए योजनाएं बनाई हैं, जिससे देश के लोगों में आम आदमी की सरकार होने विश्वास उत्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री ने लोगों की चिंता कर देश लोगों के उत्थान और विकास के लिए योजनाएं बनाई, जिसका सीधा लाभ आम आदमी को प्राप्त हो रहा है।

किसान समृद्धि योजना में किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की सहायता बीज और अन्य कृषि उपकरण इत्यादि उपलब्ध करवाए गए हैं। देश में बिना गैस कनेक्शन के 9 करोड़ निर्धन महिलाओं को उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया गया।

सभी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया : इंदु

राज्य सभा सांसद, इंदु गोस्वामी ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजिंद्र गर्ग का वर्चुअल रैली के माध्यम से पालमपुर के लोगों से संवाद करने के लिए स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त हाथों में होने से देश का प्रतिष्ठा पूरे विश्व में प्रभावशाली रूप में बढ़ी है। सभी योजानाओं को धरातल पर पहुंचाया गया है और इसका सीधा लाभ देश-प्रदेश के गरीब आदमी को घरद्वार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश विकास के शिखर की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना शुरू कर 2 लाख 85 हजार महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसमें सभी घरों में गैस कनेक्शन उपलब्ध है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बहुत सी जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ लोगों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करने का आह्वान किया और अधिकारियों को भी लोगों की सहायता करने के आदेश जारी किए।

कंवर ने किया चंबा उपमंडल के लाभार्थियों के साथ संवाद

चंबा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने चंबा उपमंडल के विभिन्न 15 योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। चंबा के विधायक पवन नैयर भी शामिल हुए। इस वर्चुअल संवाद में चंबा उपमंडल की विभिन्न पंचायतों से 1556 लाभार्थी जुड़े। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं और स्कीमों का सभी पात्र लोगों तक लाभ मिलना सुनिश्चित होना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लक्ष्य आर्थिक और सामाजिक उत्थान के अलावा जनकल्याण भी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी बुड्डी देवी और सोमराज के अलावा गृहिणी सुविधा योजना की लाभार्थी बीना देवी, डोलमा और अंजू देवी से वर्चुअल माध्यम से वार्तालाप किया।

HIMACHAL PRADESH JAL SHAKTI VIBHAG

" Notice Inviting E-tendering "

E. E., Jal Shkati Division No. 1 Una

Telephone No. : 01975- 226060, E-mail : eeiph1una@Gmail.com

The Executive Engineer, Jal Shakti Division No.1 Una invites online tender on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works through online process:-

1. Name of work:- Providing Separate Water Supply Scheme to PGI SATELLITE CENTRE at Malahat in Tehsil and District UNA . [SH:- Drilling, lowering of assembly and development of 3 Nos. T/well 140 mtrs deep with percussion rig/Direct rotary Rig or combination drilling Rig, **Estimated Cost:-** Rs. 32,57,849/-, **Earnest Money:-** Rs. 56,370/-, **Cost of Tender:-** Rs.400/-, **Time :-** Three months

1. Last date of physical / online submission of Earnest Money deposit and cost of tender documents etc on 04-09-2020 upto 05:00 PM

2. Last date of e-tendering upto 04-09-2020 at 05:00 PM and the same will be opened on the day on 05-09-2020 at 11:00 AM

The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the http:// hptenders.gov.in

Executive Engineer,
Jal Shakti Division No.-1 Una.

Advt No.: 2399/2020-21 **HIM SUCHNA AND JAN SAMPARK-**

INOXWIND

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

सीआईएन: L31901HP2009PLC031083

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश, भारत; **टेलीफोन/फैक्स:** +91–1975–272001

ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com; वेबसाइट: www.inoxwind.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 29 के साथ पठित नियमावली 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 28 अगस्त, 2020 को, अन्य बातों के अतिरिक्त, 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन एवं अभिलेख में प्राप्त करने हेतु आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com एवं NSE www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड

हस्ता/–

स्थान : नोएडा **दीपक बांगा**

दिनांक : 21 अगस्त, 2020 कम्पनी सचिव

HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

E-Procurement Notice

INVITATION FOR BIDS (IFB)

PHONE NO 1970-253516 **eepwd-kotlabehar-hp.nic .in**

1 The Executive Engineer HPPWD Division, Kotla Behar Distt Kangra H.P on behalf of Governor of H.P invites the online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned works from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

Sr No	Name of Work	Estimated Cost	EMD (RS)	Starting date of down-loading	Deadline for submission of bid	Eligible class of Contractor	Form cost	Time Limit
1	Construction of Havan Kund Cum Kirtan Hall for Shri Kalinath Temple at Kaleshwar Distt Kangra (H..P)	1490298	29810	26.8.2020 (10.00 AM)	09.09.2020 Up to 11.30 AM	Class-C& D	500.00	Six Month
2	Improvement of Kotla Behar Ghatti Bilwan Road Km 0/0 to 9/165 (SH;- Providing & Laying 80mm Thick Interlocking Block in between km 0/0 to 2/0 .	3180548	16200	26.8.2020 (10.00 AM)	09.09.2020 Up to 11.30 AM	Class-C& D	500.00	Three Month

The Bidders are advised to note other details of tender form the department website .www.hptenders.gov.in

Executive Engineer
HPPWD Division Kotla behar
Distt Kangra H.P

Advt. No. 2411/2020-21

HIMACHAL PRADESH JAL SHAKTI VIBHAG

NOTICE INVITING TENDER

Sealed item rate tenders for the following works on form PWD 6 & 8 are invited by the undersigned on behalf of the Governor of H.P. from the approved contractors of the appropriate class enlisted with the Irrigation and Public Health Department so as to reach in this office on 28/08/2020 up to 11.00 AM and will be opened on the same day at 11:30 AM in the presence of intending contractors or their authorized representative who may wish to be present. The tender form can be had from this office against cash payment (non-refundable) during on any working hours up to 27/08/2020 upto 5:00 PM. The application for obtaining the issue of tender form will be received on or upto 11.00 AM on 28/08/2020 along with terms & conditions.

Sr. No	Name of work	E/Cost	Earnest Money	F/ cost	Time limit
1	WSS to Piunkal Sainji in GP Sali in Tehsil Balh Distt. Mandi HP. (SH:- C/O main storage tank 100000 ltrs capacity).	Rs. 4,87,567/-	Rs. 9760/-	Rs. 250/-	Three months
2	A/R & M/O LWSS Kot Chunahan in GP Kot in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Operation and running of the scheme for one year).	Rs. 2,92,730/-	Rs. 5855/-	Rs. 250/-	One Year
3	A/R & M/O WSS Tikker Behna in Tehsil Balh Distt. Mandi H.P. (SH: Laying, jointing and testing of GI pipe 32 mm dia to village Tikker).	Rs. 1,65,658/-	Rs. 3500/-	Rs. 250/-	Three months

Terms and Conditions

1. Draft Notice Inviting Tender/ Drawing/ specifications can be seen in the office of the undersigned on any working day between 11.00 A.M/ to 4.00 P.M.
2. Ambiguous/ telegraphic/ conditional or tenders by fax shall not be entertained/ considered in any case.
3. The contractors/ firms are requested to insert rates in words as well as in figures failing which the Executive Engineer reserve the right to accept/ reject any or all tenders.
4. The intending contractors/ firms are requested to see the site of work before submitting the tender.
5. The rates of material to be issued by the department will be applicable only upto the validity period of tender. Thereafter prevailing market rates/ store issue rates, at that time, whichever is maximum, shall be charged/ recovered.
6. One percent labour cess shall be deducted from each bill.
7. All the tender must be accompanied with earnest money in the shape of shape of NSC/FDR of saving bank account of any post Office/time deposit of H.P. State Co-operative or any Nationalized Bank duly pledged in favour of the undersigned must accompany with each tender. The contractors exempted from payment of earnest money/security deposit in individual case should attach with the application and attested copy of the letter exempting them from the payment of Earnest Money and security deposit. They shall submit an affidavit regarding not to utilized is exempted limit.
8. The application form should contain the documents i.e. copy of valid enlistment and renewal certificate, Earnest Money, GST No. certificate & Tax PAN Nos.
9. The tender form will not be issued to the defaulter contractors.
10. The tender form shall be issued up to 28/08/2020 up to 5.00 P.M. & tender received after specified time/date shall not be opened.
11. The offer shall remain valid up to 120 days after the opening of the tenders.
12. If any of the date mentioned above appears to be local/ gazetted holiday, the same shall be opened on next working day.
13. The undersigned, reserve the right to accept/reject any or all tender without assigning any reasons.
14. No subletting of work shall be allowed.
15. The NIT, Schedule of Quantity along with terms and conditions tender form can also be seen and download on the website www.hpiphorg.
16. The contractors /firms who have been awarded more than two works and who have not completed the work will not be eligible to participate in the tender.
17. The contractor/ firm who downloads the tender form from website shall deposit the cost of tender form separately the name of the undersigned in shape of Demand Draft, Bankers Cheque & Postal Order payable at Baggi on 21/07/2020 upto 11.00 AM along with conditions No.8.
18. In case of pumping machinery the curve chart pumping machinery duly signed by the Manufacturer and contractors.

Executive Engineer,
Jal Shakti Division Baggi

Advt No.: 2396/2020-21